# स्कूल बिल्डिंग में स्थान परिवर्तन का बोर्ड, कहां जाए जनप्रतिनिधि

## उमेश गढ़ेवाल इस पूरे अभियान पर पलीता लगाने पर उतारू

**नवभारत/ नरसिंहपुर।** मध्यप्रदेश के शिक्षामंत्री राव उदय प्रताप सिंह के निर्देश पर जिले का शिक्षा विभाग पूरी मुस्तैदी से लगा सेवा संकल्प अभियान को सफल बनाने में दिन रात लगा हुए है, लेकिन जिला मुख्यालय पर संचालित जय नरसिंह पब्लिक स्कूल स्टेशन का संचालक उमेश गढ़ेवाल इस पूरे अभियान पर पलीता लगाने पर उतारू है।




### क्यों है अभियान में रोड़ा उमेश गढ़ेवाल

जिले भर में एक जनप्रतिनिधियों की सूची शिक्षा विभाग ने सभी विद्यालयों को दी है उन जनप्रतिनिधियों को विद्यालय में पहुंचकर सेवा संकल्प अभियान में सम्मिलित होना है लेकिन जय नरसिंह पब्लिक स्कूल स्टेशन के जनप्रतिनिधि के सामने द्वारा संकट है यदि विभाग द्वारा दिए गए पते पर जनप्रतिनिधि जाता है तो वहां भवन बंद और स्थान परिवर्तन का बोर्ड ही हाथ लगेगा, क्योंकि शिक्षा विभाग के नियमों को दरकिनार करते हुए उमेश गढ़वाल ने अपने विद्यालय को किसी और बिल्डिंग में बिना विभाग की अनुमति के भेज दिया है अनुमति ना लेने का कारण केवल इतना है कि जिस बिल्डिंग में स्कूल चलाया जा रहा है वह मान्यता अधिनियम के नियमों को पूरा नहीं करती है, अधिकारी दावे कर रहे हैं कि उक्त कार्यक्रम में कभी भी कोई भी अधिकारी पोशाक निरीक्षण कर सकता है लेकिन जब तय जगह पर विद्यालय ही नहीं होगा तो कैसे निरीक्षण किया जाएगा।

### मंत्री तक है शिकायत, विभाग की कार्यवाही शून्य

हैरत की बात तो यह है कि इस मामले की शिकायत लगभग 25 दिन से अधिक हो चुके हैं स्थानीय प्रशासन के अलावा मध्य प्रदेश के शिक्षा मंत्री को भी इस मामले में लिखित शिकायत दी गई है लेकिन आज दिनांक तक विभाग ने कोई कार्यवाही नहीं की है यह विभाग की अधिकारियों की स्कूल संचालक से सांठगांठ को स्पष्ट रूप से प्रदर्शित करता है, विद्यालय में लगभग 200 से अधिक विद्यार्थी अध्यनरत हैं देशभर में शिक्षण संस्थानों के हादसों के बाद भी नरसिंहपुर जिले का शिक्षा विभाग इन 200 से अधिक नौनिहालों की जिंदगी को खतरे में डाले हुए हैं और कुंभकरणीनिद्रा में किसी बड़ी अनहोनी का इंतजार करते हुए विश्राम कर रहा है।

### 26 को मुख्यमंत्री को दिया जाएगा ज्ञापन

सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार 26 सितंबर को प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव का नरसिंहपुर द्वारा प्रस्तावित है ऐसे में नरसिंहपुर के जागरूक नागरिकों ने ठाना है कि यदि शिक्षा विभाग शीघ्र इस मामले पर जाँच कर तत्काल कोई ठोस कार्यवाही नहीं करता है तो मुख्यमंत्री मोहन यादव को स्कूल संचालक एवं विकासखंड स्तर के अधिकारियों के रवैया को लेकर एक शिकायती ज्ञापन सौंपते हुए विद्यालय से अधिकारियों पर कार्यवाही करने की मांग की जाएगी।

### इनका कहना है

विभाग के अधिकारियों की सांठगांठ है और लगातार चक्कर लगाने के बाद कार्यवाही नहीं की जा रही है, आगे मुख्यमंत्री महोदय और उसके बाद न्यायालय का रास्ता खुला हुआ है।

**– शिकायतकर्ता**

जांच के लिए एक पत्र प्राप्त हुआ है अभी सेवा संकल्प अभियान की तैयारी के कारण जांच नहीं कर पाया हूं, जल्द जांचकर प्रतिवेदन डीपीसी महोदय को सौंपूंगा।

**– ओपी राय** बीआरसी

सेवा संकल्प अभियान के चलते अधिकारी व्यस्त है फिर भी अतिशीघ्र जांच करने के निर्देश दिए, यदि आरोपों में सत्यता पाई जाती है तो मान्यता रद्द करने की कार्यवाही तक हो सकती है।

**– प्रदीप द्विवेदी** जिला परियोजना समन्वयक

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर प्रज्वलित किये दीप

**नवभारत/ नरसिंहपुर।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के स्थानीय सेवाकेंद्र दिव्य संस्कार भवन में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में आशीर्वाद के दीये कार्यक्रम का गरिमामयी आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से ब्रह्माकुमारीज की जिला संचालिका बीके कुसुम दीदी, जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक जय नारायण शर्मा, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष व वरिष्ठ समाजसेवी बहन संध्या कोठारी तथा भाजपा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष बहन निशा सोनी उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में सभी अतिथियों और संस्था के भाई बहनों ने प्रधानमंत्री जी के उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु और राष्ट्र निर्माण के संकल्पों की सफलता हेतु श्रद्धाभाव से आशीर्वाद रूपी दीपक प्रज्वलित किए। इसके उपरांत ब्रह्माकुमारीज की जिला संचालिका बीके कुसुम दीदी ने कहा कि सच्चा नेतृत्व वही है जो समाज को आध्यात्मिक शक्ति और सकारात्मक ऊर्जा से जोड़े। प्रधानमंत्री जी के भीतर जनसेवा का अनुपम भाव है, संस्था उनके स्वस्थ जीवन और विश्व कल्याण की भावना की सफलता हेतु ईश्वरीय मंगलकामना करती है। जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक जय नारायण शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री जी ने विकास को सरकारी नीतियों से आगे ले जाकर जन-भागीदारी का एक सशक्त आंदोलन बना दिया है।




### स्कूटी वितरण कार्यक्रम का होगा जिले में सीधा प्रसारण

**नरसिंहपुर।** स्कूटी योजना के अंतर्गत आयोजित होने वाले स्कूटी वितरण कार्यक्रम का जिले के शासकीय विद्यालयों में वेबकास्ट के माध्यम से सीधा प्रसारण किया जाएगा। कलेक्टर रजनी सिंह के निर्देशन में जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. अनिल कुशवाहा ने जिले के समस्त शिक्षा अधिकारियों तथा शासकीय हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी विद्यालयों के प्राचार्यों को इस संबंध में आवश्यक निर्देश जारी किए हैं। स्कूटी योजना अंतर्गत 19 सितंबर शासकीय सुभाष उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, जिला शिक्षा अधिकारी ने निर्देशित किया है कि जिले के सभी शासकीय विद्यालयों में कार्यक्रम का वेबकास्ट के माध्यम से सीधा प्रसारण सुनिश्चित किया।

# सेवा संकल्प अभियान के तहत प्राकृतिक खेती पर कृषकों से चर्चा

**नवभारत/ नरसिंहपुर।** जिले में 17 सितम्बर से 17 अक्टूबर 2026 तक 'सेवा संकल्प अभियान' संचालित किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को चीचली विकासखंड के ग्राम पुआरिया में जैव इनपुट संसाधन केन्द्र (बीआरसी) में कृषकों के लिए प्राकृतिक खेती से संबंधित जागरूकता एवं संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कृषकों को प्राकृतिक खेती के महत्व, इसमें उपयोग किए जाने वाले जैव इनपुट के निर्माण तथा प्राकृतिक खेती के विभिन्न घटकों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। इस दौरान प्राकृतिक खेती को अपनाने के लिए आवश्यक प्रक्रियाओं एवं जैव आधारित संसाधनों के उपयोग पर कृषकों से चर्चा की गई। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित कृषकों को जैव इनपुट संसाधन केन्द्र की यूनिट का भ्रमण भी कराया गया।

कृषकों ने केन्द्र में जैव इनपुट निर्माण की प्रक्रिया एवं उपलब्ध संसाधनों का अवलोकन किया तथा प्राकृतिक खेती से जुड़े विषयों पर जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर प्राकृतिक खेती करने वाले कृषक, कृषि सखी, क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि तथा कृषि विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य कृषकों को प्राकृतिक खेती के प्रति जागरूक करना तथा स्थानीय स्तर पर जैव इनपुट संसाधनों के उपयोग को बढ़ावा देना रहा।

ग्रामीण मार्गों पर फैली बबूल की घनी झाड़ियां, मील के पत्थर और सूचना बोर्ड भी ढंके

# सड़क के दोनों तरफ झाड़ियां उगने से हादसों का खतरा

**नवभारत/ नरसिंहपुर/ तेंदूखेड़ा** क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले डोभी सहित आसपास ग्रामीण मार्गों पर इन दिनों हादसों का खतरा काफी बढ़ गया है। इन मार्गों पर सड़क के दोनों किनारों पर बबूल और अन्य ऊंची झाड़ियां बहुतायत में उग आई हैं। जिसके कारण मार्ग वाहन चालकों के लिए अंधा मोड़ साबित हो रहे हैं। संबंधित विभाग द्वारा समय पर इनकी कटाई-छटाई न किए जाने के कारण राहगीर लगातार दुर्घटनाओं का शिकार हो रहे हैं।

**घुमावदार सड़कों पर घटित हो रहे हादसे:** ग्रामीणों ने हमारे प्रतिनिधि को बताया कि मंहगुवां तला से बिलथरी भामा एवं डोभी से छतरपुर मार्ग के मोड़ों पर बबूल की घनी और ऊंची झाड़ियां फैली हुई हैं। इन मार्गों के बीच कई हिस्से अत्यधिक घुमावदार हैं। और दोनों किनारों पर झाड़ियां होने के कारण विपरीत दिशा से आने वाले छोटे बड़े वाहन दिखाई नहीं देते। अचानक वाहन सामने आने से चालक हक्के-बक्के रह जाते हैं। जिससे आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। पिछले दिनों ही एक यात्री भी इन झाड़ियों की चपेट में आकर हादसे का शिकार हो चुका है।



### ग्रामीणों ने रखी अपनी मांगें

वाहन चालकों और ग्रामीणों ने संबंधित विभाग के उच्च अधिकारियों से तत्काल मांग की है कि सड़क के दोनों किनारों पर उगी ऊंची ऊंची झाड़ियों की शीघ्र कटाई करवाई जाए। मार्गों पर छिपे हुए मील के पत्थर और सूचना बोर्डों को दृश्यमान बनाया जाए। सड़कों की मरम्मत करवाकर यात्रियों को सुरक्षित आवागमन की सुविधा दी जाए।

### एक नजर में



#### सेवा संकल्प दिवस के रूप में मनाया प्रधानमंत्री का जन्मदिन

**तेंदूखेड़ा।** विगत दिवस प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का जन्म दिन सेवा संकल्प दिवस के रुप में मनाये जाने का श्री गणेश किया गया इस मौके पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने तेंदूखेड़ा के श्री हनुमान मंदिर दादा दरबार में श्री हनुमान चालीसा पाठ आरती के साथ वृहद स्तर पर दीप जलाये गये। जन्मदिन के गीत गाकर उन्हें शुभकामनाएं प्रेषित की गई। तथा नगर परिषद कार्यालय में महिलाओं द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी गई। तथा 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक सेवा अभियान के तहत नगर के प्रमुख मार्गों पर साफ सफाई की गई। अलग-अलग दिवसों में हितकारी मूलक कार्य योजनाओं पर काम किया गया।

#### श्री राधा अष्टमी पर होंगे विविध आयोजन

**तेंदूखेड़ा** श्री राधा रानी सरकार का जन्मोत्सव राधाष्टमी धूमधाम से मनाये जाने को लेकर मंदिरों में विशेष साज सज्जा की जा रही है। तथा भजन संध्या का आयोजन भी किया जा रहा है। नगर के श्री गोपाल लाल मंदिर श्री देव राधाकृष्ण मंदिर सहित सभी मंदिरों में विशेष कार्यक्रम पूजन अर्चन संपन्न होगा।

#### प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिवस पर हुआ दीप प्रज्वलन कार्यक्रम

**साईखेड़ा।** प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर नगर परिषद साईखेड़ा एवं भाजपा मंडल के संयुक्त तत्वावधान में विभिन्न स्थानों पर दीप प्रज्वलित कर जन्मदिवस उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान नरहरिनंद सराबोर पार्क सहित प्रधानमंत्री आवास योजना के पात्र हितग्राहियों के घरों पर दीप जलाकर प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के स्वस्थ, दीर्घायु एवं मंगलमय जीवन की कामना की गई। कार्यक्रम में नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती स्वाति सचिन अग्रवाल, जिला उपाध्यक्ष किरत पटेल, मंडल अध्यक्ष दिग्विजय सिंह, नगर परिषद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि जितेंद्र पटेल, सभापति मानसिंह मिधा, ओमप्रकाश पटेल, लोकेश अग्रवाल, पार्षद प्रतिनिधि राजेश सोनी, सहित नगर परिषद के अधिकारी-कर्मचारी, भाजपा कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में नगरवासी मौजूद रहे।

# सेवा संकल्प अभियान के तहत ग्रामीण सड़कों की सफाई

**नवभारत/ नरसिंहपुर।** मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत जिले में संचालित सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत आज मध्यप्रदेश ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क सुरक्षा एवं बेहतर आवागमन को लेकर विभिन्न कार्य किए गए। अभियान के तहत चंदली से गंगईकला तथा सांकल रोड किलोमीटर-11 से ओबी रोड मगरधा-बेलखेड़ी मार्ग पर सोल्डर सफाई का कार्य किया गया। सड़क के किनारों पर जमा मिट्टी एवं अन्य अवरोधों को हटाकर मार्ग को व्यवस्थित किया गया, जिससे सड़क पर आवागमन सुगम एवं सुरक्षित हो सके। इसी क्रम में मार्ग के चेनज 2400 पर कटाव वाले स्थान को चिन्हित कर वहां सुरक्षा व्यवस्था एवं बैरिकेडिंग की गई। इसका उद्देश्य वाहन चालकों को कटाव वाले स्थान के प्रति सचेत करना तथा आवागमन के दौरान दुर्घटना की संभावना को कम करना है।




# सरस्वती शिशु मंदिर में जिला स्तरीय बौद्धिक प्रतियोगिताएं सम्पन्न

**नवभारत/ साईखेड़ा।** सरस्वती शिशु मंदिर साईखेड़ा में जिला स्तरीय बौद्धिक प्रतियोगिताओं का आयोजन उत्साह एवं गरिमामय वातावरण में किया गया। प्रतियोगिता में सरस्वती शिशु मंदिर नरसिंहपुर, गोटेगांव, चीचली एवं साईखेड़ा के भैया-बहनों ने सहभागिता करते हुए विभिन्न विधाओं में अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों एवं विद्यालय परिवार द्वारा मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर विधिवत पूजन-अर्चन के साथ किया गया। जिला स्तरीय प्रतियोगिता के अंतर्गत गीत, भाषण, नृत्य, विज्ञान प्रदर्शनी, एकल अभिनय, वंदेमातरम् गायन, शास्त्रीय गायन, गणित एवं विज्ञान प्रश्नोत्तरी सहित विभिन्न विधाओं में प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। प्रतियोगिताओं में शामिल भैया-बहनों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी बौद्धिक, सांस्कृतिक एवं रचनात्मक प्रतिभा का परिचय दिया। विभिन्न विधाओं में प्रतिभागियों के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिली। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को प्रतियोगिता के पश्चात प्रथम स्थान सहित अन्य विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राजकुमार जैन, जिला सचिव व्यवस्थापक चन्द्रशेखर साध, अध्यक्ष सुरेंद्र बोहरे, कोषाध्यक्ष दुर्गेश अवधिया, प्राचार्य सुनील स्थापक सहित संतोष अवधिया, सुरेंद्र तोमर, हरि गोपाल श्रीवास्तव आदि मंचासीन रहे। प्रतियोगिता को सफल बनाने में प्रभारी राकेश खेमरिया, प्रदीप द्विवेदी, सुरेश अग्रवाल, राजेन्द्र वर्मा, आशीष अग्रवाल, ललित अग्रवाल, सुयश सोनी, आकाश भाटी, विकास राजपूत, पूर्णिमा तोमर, विनीता स्थापक, परवीन वी., नेहा शर्मा, कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अतिथियों ने विद्यार्थियों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों की प्रतिभा को निखारने के साथ-साथ उनमें आत्मविश्वास, अनुशासन, रचनात्मकता एवं प्रतिस्पर्धात्मक भावना का विकास करती हैं।



# करेली में धूमधाम से मनाया गया भगवान विश्वकर्मा पूजन समारोह

**नवभारत/ करेली।** को भगवान विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर गृह निर्माण कामगार संघ मध्य प्रदेश एवं कंस्ट्रक्शन संघ के संयुक्त तत्वावधान में करेली स्थित सामुदायिक भवन में भगवान विश्वकर्मा पूजन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कामगार एवं संघ के पदाधिकारी शामिल हुए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व राज्य मंत्री जालम सिंह पटेल रहे। वहीं जिला भाजपा अध्यक्ष रामसनेही पाठक, नगर पालिका अध्यक्ष सुशीला ममार एवं मंडल अध्यक्ष जितेंद्र गोस्वामी सहित अन्य अतिथियों की उपस्थिति रही। अतिथियों एवं संघ के पदाधिकारियों ने भगवान विश्वकर्मा के चित्र पर विधिवत पूजन-अर्चन कर दीप प्रज्वलित किया। इस अवसर पर पूर्व राज्य मंत्री जालम सिंह पटेल ने कामगारों को संबोधित करते हुए नशे से दूर रहने की समझाइश दी। उन्होंने कहा कि श्रमिक वर्ग समाज और नगर के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है तथा श्रमिकों को नगर की रीढ़ माना जाता है। कार्यक्रम में कामगार संघ अध्यक्ष होरीलाल विश्वकर्मा, मध्य प्रदेश कंस्ट्रक्शन संघ अध्यक्ष सूरज लखन ठेकेदार, कामगार जिला अध्यक्ष भारत भसीन सहित सचिन, सदस्य उपस्थित रहीं।

# आबकारी विभाग की अवैध शराब के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई

**नवभारत/ नरसिंहपुर।** जिले में अवैध शराब के निर्माण एवं विक्रय के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत कलेकक्टर रजनी सिंह के निर्देशन एवं प्रभारी जिला आबकारी अधिकारी श्री बीएल उइके के मार्गदर्शन में आबकारी विभाग द्वारा वृत्त गाडरवारा के अंतर्गत अवैध शराब के अड्डों पर दबिश देकर कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान 5 लीटर हाथ भट्टी अवैध मदिरा, 1250 किलोग्राम महुआ लाहन तथा 4.68 बल्क लीटर देशी मदिरा बरामद की गई। इस मामले में मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत तीन प्रकरण पंजीबद्ध किए गए। इस दौरान आबकारी विभाग की टीम द्वारा वृत्त गाडरवारा अंतर्गत संचालित तीन मदिरा दुकानों का सघन निरीक्षण भी किया गया। सम्पूर्ण कार्रवाई में सहायक जिला आबकारी अधिकारी सतीश कुमार, आबकारी उप निरीक्षक आकांक्षा धनोतिया एवं दीपाली भोजक, आबकारी मुख्य आरक्षक सदर सिंह बरकड़े, अनिल सिंह राठौर, नवल सिंह, आबकारी आरक्षक लालजी चौधरी, तन्मय टेकाम, राकेश जादौन, महिला आरक्षक आकृति जैन, अंकिता शुक्ला, कविता किरार एवं गरिमा उपाध्याय तथा नगर सैनिक योगेश राजोरिया एवं इमरत पटेल उपस्थित रहे।



# सेवा संकल्प अभियान में जिलेभर में होंगी विविध गतिविधियां

**नवभारत/ नरसिंहपुर।** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में राज्य शासन के निर्देशानुसार एवं कलेक्टर रजनी सिंह के मार्गदर्शन में जिले में अभियान' संचालित किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत जनजातीय कार्य विभाग द्वारा 19 सितम्बर को जिले के सभी छात्रावासों में 'मेरे सपनों का भारत' विषय पर भाषण एवं चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। पर्यावरण संरक्षण एवं हरियाली को बढ़ावा देने के लिए पशुपालन विभाग द्वारा बकरी प्रजनन प्रक्षेत्र उमरिया-चिनकी में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। वहीं ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग, नरसिंहपुर द्वारा नवीन जनपद परिसर गोटेगांव में पौधरोपण किया जाएगा। इसी क्रम में स्वास्थ्य विभाग की जिला एवं समस्त विकासखंड स्तरीय संस्थाओं में प्रसूति सहायता योजना एवं जननी सुरक्षा योजना शिकायत निवारण शिविर आयोजित किए जाएंगे। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा जिले के कक्षा 6वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों के लिए चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिताओं आयोजित की जाएंगी। साथ ही समस्त स्कूलों में पौधरोपण, स्वच्छता गतिविधियां, योग एवं ध्यान सत्र, कैरियर काउंसलिंग सत्र तथा फिट इंडिया खेल गतिविधियां आयोजित होगी।

**निरीक्षण** | पीडीएस दुकान एवं नल-जल योजना की व्यवस्थाओं का लिया जायजा

# अपर कलेक्टर ने किया विभिन्न संस्थाओं एवं योजनाओं का निरीक्षण

**नवभारत/ नरसिंहपुर।** जन विश्वास अभियान के तहत अपर कलेक्टर अरविंद सिंह ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण कर शासकीय योजनाओं एवं सेवाओं के क्रियान्वयन की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने लोक सेवा केन्द्र, सहकारी समिति, पीडीएस दुकान, नल-जल योजना सहित अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। अपर कलेक्टर सिंह ने लोक सेवा केन्द्र के निरीक्षण के दौरान नागरिकों को उपलब्ध कराई जा रही सेवाओं एवं आवेदनों के निराकरण की स्थिति की जानकारी ली। आवेदक हिम्मत सिंह पटेल ने उनसे जाति प्रमाण पत्र बनवाने के लिए 300 रुपये लेने की शिकायत की जिस पर अपर कलेक्टर श्री सिंह ने लोक सेवा केन्द्र मैनेजर एवं संचालक को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने सहकारी समिति बीतली का निरीक्षण किया। पटवारी रश्मि पटेल द्वारा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना में लापरवाही बरतने पर कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। अपर कलेक्टर सिंह ने पीडीएस दुकान का निरीक्षण कर खाद्यान्न के वितरण, उपलब्धता एवं हितग्राहियों को मिल रही सुविधाओं की जानकारी ली।



### नल-जल योजना

उन्होंने निर्देशित किया कि पात्र हितग्राहियों को शासन द्वारा निर्धारित मात्रा में समय पर खाद्यान्न उपलब्ध कराया जाए तथा वितरण व्यवस्था में किसी प्रकार की अनियमितता नहीं हो। नल-जल योजना के निरीक्षण के दौरान उन्होंने पेयजल आपूर्ति एवं पाइपलाइन संबंधी कार्यों की स्थिति देखी और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# उमरा यात्रियों का जत्था रवाना, जामा मस्जिद कमेटी ने किया स्वागत

**नवभारत/गाडरवारा।** मुकद्दस सफर-ए-उमरा के लिए गाडरवारा से जायरीनों का जत्था शुक्रवार रात गरीब रथ एक्सप्रेस से मक्का-मदीना की जियारत के लिए रवाना हुआ। उमरा यात्रियों की रवानगी को लेकर नगर में उत्साह का माहौल रहा। परिवारजनों, रिश्तेदारों और शुभचिंतकों ने यात्रियों को मुबारकबाद देते हुए उनके सकुशल सफर और इबादत कबूल होने की दुआ की। जानकारी के अनुसार चावड़ी वार्ड निवासी मरहूम मौसम मिस्त्री के पुत्र आशिक हुसैन (आरटीओ), सादिक हुसैन व उनकी मम्मी सहित परिवार के सात सदस्य उमरा यात्रा पर रवाना हुए। इनके साथ सेवानिवृत्त शिक्षिका मुमताज खान और उनकी बेटी भी इस पाक सफर पर गईं। हाफिज जुबेर आलम ने बताया कि सभी जायरीन करीब 15 से 20 दिनों की यात्रा पर रवाना हुए हैं। इस दौरान वे मक्का शरीफ में उमरा अदा करेंगे तथा मदीना मुनव्वरा पहुंचकर रोजा-ए-रसूल पर हाजिरी देंगे। यात्रा से पूर्व जामा मस्जिद कमेटी, गाडरवारा द्वारा सभी उमरा यात्रियों का साफा बांधकर, पुष्पमाला पहनाकर एवं गुलदस्ता भेंट कर इस्तकबाल किया गया। कमेटी की ओर से मिष्ठान वितरण भी किया गया। इस दौरान यात्रियों की सकुशल यात्रा और इबादत की कुबूलियत के लिए दुआ की गई। जामा मस्जिद कमेटी के सदर अबरार खान ने कहा कि अल्लाह ताला सभी जायरीनों का सफर आसान करे और उनकी इबादत कबूल फरमाए। उन्होंने कहा कि नगर से लोगों का उमरा के लिए जाना पूरे शहर के लिए खुशी की बात है। रवानगी के दौरान रेलवे स्टेशन पर भी बड़ी संख्या में समाजजन एवं शुभचिंतक पहुंचे और उमरा यात्रियों का गर्मजोशी से इस्तकबाल किया। लोगों ने यात्रियों को मुबारकबाद देते हुए उनसे मुल्क, शहर और सभी लोगों के लिए दुआ करने की गुजारिश की।

